मेरे दोस्त

मेरे दोस्त है बहुत सारे
लगते मुझे बड़े न्यारे
करते हम सब खूब मज़ा
पकड़े जाए तो मिले सजा।

करो अच्छे काम

करो हमेशा अच्छे काम
तभी होगा तुम्हारा नाम
गलत बात न करो कभी
प्यार करेंगे तभी सभी
इज्जत सबको देना जरूरी
बात बड़ों की मानो पूरी



छोटे-छोटे बच्चे

हम छोटे छोटे बच्चे हैं
मन के बड़े ही सच्चे है।
खेलते कूदते पढ़ते है,
सब का मन हम रखते है
किसी से भी न लड़ते है,
हम प्यारे प्यारे बच्चे है।